an>

title: Regarding directing UP Government to provide financial assistance from the SDRF Fund to the farmers affected from hailstorms.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): सभापति महोदय, मैं अपना विषय तो सर्राफा व्यावसायियों को लेकर रखना चाहता था। लेकिन, सर्राफा व्यवसाय को लेकर जो एक्साइज ड्यूटी का प्रकरण था, वह कई माननीय सदस्यों द्वारा सदन में उठाया जा चुका है। इसलिए मैं अपने संसदीय क्षेत्र से संबंधित दूसरा विषय रखना चाहता हूं।

महोदय, मैं बुन्देलखण्ड के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। हमारे यहां पानी की विशेष कमी है। पानी की कमी के कारण अभी वर्तमान में वहां पर जो फसल लगी थी और उस फसल की जो बुआई की गयी थी, वह पूरी फसल की केवल 12 प्रतिशत थी। 12औ फसल बुवाई के बाद बहुत ज्यादा खर्च करके किसी प्रकार से पानी का प्रबन्ध करके किसानों ने अपनी फसल को तैयार किया। लेकिन, अभी इसी हफ्ते वहां भयंकर ओलावृष्टि हुई और दस-बीस सालों से सूखे की मार झेलने वाला बुन्देलखण्ड, जहां का किसान वहां से पलायन कर चुका है, जहां मवेशियों के लिए पानी नहीं है, पीने के लिए पानी नहीं है, खेतों की सिंचाई के लिए पानी नहीं है, वहां पर ओलावृष्टि से बहुत भारी नुकसान हुआ है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करे कि वह एस.डी.आर.एफ. फण्ड से तत्काल पीड़ित किसानों के बैंक खाते में भुगतान करे।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri C.P. Joshi are permitted to associate with the issue raised by Kunwar Pushpendra Singh Chandel.